एलपीएसएफ$_{वाई}$ = वर्ष के लिए गौण ईंधन तेल की भारित औसत उधार कीमत, रुपए/एमएल में

21. **थर्मल उत्पादन केंद्रों के लिए क्षमता प्रभारों तथा ऊर्जा प्रभार की संगणना तथा संदाय**

(1) थर्मल उत्पादन केंद्र की नियत लागत को इन विनियमों के अधीन विनिर्दिष्ट संनियमों के आधार पर वार्षिक आधार पर संगणित किया जाएगा तथा क्षमता प्रभार के अधीन मासिक आधार पर वसूला जाएगा । उत्पादन केंद्र के लिए संदेय कुल क्षमता प्रभार को उत्पादन केंद्र की क्षमता में उनकी अपनी-अपनी प्रतिशतता अंश/आबंटन के अनुसार विभाजित किया जाएगा ।

(2) कलेंडर मास के लिए थर्मल उत्पादन केंद्र को संदेय क्षमता प्रभार (प्रोत्साहन को छोड़कर) की संगणना निम्नलिखित सूत्र के अनुसार की जाएगी :

(क) वित्तीय वर्ष के 1 अप्रैल को दस (10) वर्षों से कम के लिए वाणिज्यिक प्रचालन में उत्पादन केंद्रों के लिए :

एएफसी x (एनडीएम/एनडीवाई) x (0.5+0.5 x पीएएफएम/एनपीएएफ) (रुपए में) ;

परंतु यह कि यदि वित्तीय वर्ष के दौरान प्राप्त संयंत्र उपलब्धता कारक (पीएएफवाई) 70% से कम है तो वित्तीय वर्ष के लिए कुल क्षमता प्रभार निम्नलिखित तक निर्बंधित होगा, –

एएफसी x (0.5+35/एनएपीएएफ) x (पीएएफवाई/70) (रुपए में) ;

(ख) वर्ष के 1 अप्रैल को, दस (10) वर्ष या उससे अधिक के लिए वाणिज्यिक प्रचालन में उत्पादन केंद्र के लिए :

एएफसी x (एनडीएम/एनडीवाई) x (पीएएफएम/एनपीएएफ) (रुपए में)

जहां,

एएफसी = वर्ष के लिए विनिर्दिष्ट वार्षिक नियत लागत, रुपए में

एनएपीएएफ = प्रतिशतता में मानकीय वार्षिक संयंत्र उपलब्धता कारक

एनडीएम = मास में दिनों की संख्या

एनडीवाई = वर्ष में दिनों की संख्या

पीएएफएम = मास के दौरान प्राप्त संयंत्र उपलब्धता कारक, प्रतिशत में

पीएएफवाई = वर्ष के दौरान प्राप्त संयंत्र उपलब्धता कारक, रुपए में

(3) पीएएफएम तथा पीएएफवाई की संगणना निम्नलिखित सूत्र के अनुसार की जाएगी :

$$\text{पीएएफएम और पीएएफवाई} = 10000 \times \sum_{i=1}^{\text{एन}} \text{डीसी}_i / \{\text{एन} \times \text{आईसी} \times (100\text{-एयूएक्स})\} \%$$

जहां,

एयूएक्स = प्रतिशतता में मानकीय अतिरिक्त ऊर्जा खपत

डीसी_i = दिन के समाप्त होने पर संबंधित भार प्रेषण केंद्र द्वारा यथा प्रमाणित, यथास्थिति, अवधि के i दिन के लिए अर्थात् मास या वर्ष नीचे खंड (4) के अधीन रहते हुए, औसत घोषित क्षमता (एक्स बस मेगावाट में)

आईसी = उत्पादन केंद्र की संस्थापित क्षमता (मेगावाट में)

एन = अवधि के दौरान दिनों की संख्या, अर्थात्, यथास्थिति, मास या वर्ष

टिप्पण : डीसी i तथा आईसी को उन उत्पादन केंद्रों की क्षमता से अपवर्जित किया जाएगा जो वाणिज्यिक प्रचालन के अधीन घोषित नहीं किए गए हैं । संबंधित अवधि के दौरान आईसी में परिवर्तन की दशा में, उसके औसत मूल्य को लिया जाएगा ।

(4) थर्मल उत्पादन केंद्र में ईंधन की कमी की दशा में, उत्पादन कंपनी आफ-पीक घंटो के दौरान ईंधन में बचत करके पीक-भार घंटों के दौरान उच्चतर मेगावाट देने का प्रस्ताव कर सकेगी । संबंधित भार प्रेषण केंद्र फायदाग्राहियों के साथ परामर्श करके अपनी मेगावाट तथा ऊर्जा क्षमता का अनुकूलतम उपयोग करने हेतु उत्पादन केंद्र के लिए व्यावहारिक डे-एहेड अनुसूची विनिर्दिष्ट कर सकेगा । ऐसी दशा में डीसी उस दिन के लिए संबंधित भार प्रेषण केंद्र द्वारा विनिर्दिष्ट अधिकतम व्यस्ततम घंटा एक्स-ऊर्जा संयंत्र मेगावाट अनुसूची को बराबर किए जाने के लिए किया जाएगा ।

(5) ऊर्जा प्रभार में प्रारंभिक ईंधन लागत तथा चूना पत्थर खपत लागत (जहां लागू हों) सम्मिलित होगी तथा मास की ऊर्जा प्रभार दर (ईंधन तथा चूना पत्थर कीमत समायोजन के साथ) पर एक्स-ऊर्जा संयंत्र के आधार पर कलेंडर मास के दौरान ऐसे फायदाग्राही को प्रदाय किए जाने के लिए अनुसूचित कुल ऊर्जा के लिए प्रत्येक फायदाग्राही द्वारा संदेय होंगे । मास के लिए उत्पादन कंपनी को संदेय कुल ऊर्जा प्रभार निम्नलिखित होंगे :

(रुपए/केडब्ल्यूएच में ऊर्जा प्रभार दर) x [केडब्ल्यूएच में मास के लिए अनुसूचित ऊर्जा (एक्स-बस)]

(6) एक्स-ऊर्जा संयंत्र के आधार पर रुपए प्रति केडब्ल्यूएच में ऊर्जा प्रभार दर (ईसीआर) निम्नलिखित सूत्र के अनुसार तीन दशमलव स्थानों को अवधारित करेगी :

(क) कोंयला आधारित तथा लिग्नाइट आधारित केंद्रों के लिए

ईसीआर = [(जीएचआर-एसएफसी x सीवीएसएफ) x एलपीपीएफ/सीवीपीएफ + एलसी x एलपीएल] x 100/(100-एयूएक्स)

(ख) गैस तथा तरल ईंधन आधारित केंद्रों के लिए

ईसीआर = जीएचआर x एलपीपीएफ x 100/[सीवीपीएफ x (100-एयूएक्स)]

जहां,

एयूएक्स = प्रतिशतता में मानकीय सहायक ऊर्जा खपत ।

सीवीपीएफ = यथाचालित प्रारंभिक ईंधन का कुल कलोरिफिक मूल्य, केसीएएल प्रति केजी में, प्रति लीटर या प्रतिमानक क्यूबिक मीटर, जो लागू हो ।

सीवीएसएफ = गौंण ईंधन का केलोरिफिक मूल्य, केसीएएल प्रति एमएल में

ईसीआर = ऊर्जा प्रभार दर, रुपयों में भेजे गए प्रति केडब्ल्यूएच में

जीएचआर = कुल केंद्र हीट दर, प्रति केडब्ल्यूएच के सीएएल में

एलसी = मानकीय चूना पत्थर खपत केजी प्रति केडब्ल्यूएच में

एलपीएल = चूना पत्थर में भारित औसत उधार कीमत रुपए प्रति केजी में

एलपीपीएफ = मास के दौरान प्रारंभिक ईंधन की उधार कीमत, रुपए प्रति केजी में, प्रति लीटर या प्रति मानक क्यूबिक मीटर, जो लागू हो

एसएफसी = विनिर्दिष्ट ईंधन तेल खपत, एमएल प्रति केडब्ल्यूएच में ।

(7) मास के लिए ईंधन की उधार लागत में यथा लागू स्वामिस्व, कर तथा शुल्क को छोड़कर ईंधन की श्रेणी तथा क्वालिटी की तत्स्थानी कीमत, रेल/सड़क या किसी अन्य साधनों द्वारा परिवहन लागत सम्मिलित होगी तथा कोयला/लिग्नाइट की दशा में मास के दौरान कोयला लिग्नाइट प्रदाय कंपनी द्वारा भेजे गए कोयले लिग्नाइट की मात्रा की प्रतिशतता के रूप में मानकीय संक्रमण तथा उठाई-धराई हानियों पर विचार करने के पश्चात् निम्नलिखित रूप में तय की जाएगी :

पिट हैड उत्पादन केंद्र	: 02%
गैर-पिट हैड उत्पादन केंद्र	: 0.8%

(8) चूना पत्थर की उधार कीमत उत्पादन केंद्र के लिए चूना पत्थर की उपाप्त कीमत के आधार पर, स्वामिस्व को छोड़कर,यथा लागू कर तथा शुल्क तथा परिवहन लागत के आधार पर ली जाएगी ।

(9) इस विनियम में यथा उपबंधित टैरिफ संरचना वार्षिक नियत लागत (एएफसी), मानकीय वार्षिक संयंत्र उपलब्धता कारक (एनएपीएएफ), संस्थापित क्षमता (आईसी), मानकीय सहायक ऊर्जा खपत (एयूएक्स) तथा ऐसे केंद्रों के लिए ऊर्जा प्रभार दर (ईसीआर) को विनिर्दिष्ट करके नाभिकीय उत्पादन केंद्रों के लिए परमाणु ऊर्जा विभाग, भारत सरकार द्वारा स्वीकार की जा सकेगी ।

22 हाइड्रो-उत्पादन केंद्रों के लिए क्षमता प्रभार तथा ऊर्जा प्रभार की संगणना तथा संदाय

(1) हाइड्रो उत्पादन केंद्र की नियत लागत की संगणना इन विनियमों के अधीन विनिर्दिष्ट संनियमों के आधार पर, वार्षिक आधार पर की जाएगी, तथा उस क्षमता प्रभार (प्रोत्साहन को छोड़कर) तथा ऊर्जा प्रभार के अधीन मासिक आधार पर वसूली जाएगी, जो उत्पादन केंद्र की बिक्री योग्य क्षमता में उनके अपने-अपने आबंटन के अनुपात में फायदाग्राहियों द्वारा संदेय होंगे अर्थात् गृह राज्य को निःशुल्क ऊर्जा को छोड़कर क्षमता में :

परंतु यह कि उत्पादन केंद्र की पहली यूनिट के वाणिज्यिक प्रचालन की तारीख तथा उत्पादन केंद्र के वाणिज्यिक प्रचालन की तारीख के बीच की अवधि के दौरान वार्षिक नियत लागत को ऐसी अवधि के दौरान क्षमता प्रभार तथा ऊर्जा प्रभार संदाय का अवधारण करने के प्रयोजन के लिए उत्पादन केंद्र के लिए पूरा होने की लागत के नवीनतम प्राक्कलन के आधार पर निकाला जाएगा ।

(2) कलेंडर मास के लिए हाइड्रो-इलैक्ट्रिक उत्पादन केंद्र को संदेय क्षमता प्रभार (प्रोत्साहन को छोड़कर) निम्नलिखित रूप में होंगे :

एएफसीx0.5x एनडीएम/एनडीवाई x (पीएएफएम/एनएपीएएफ) (रुपए में)

जहां,

एएफसी = वर्ष के लिए विनिर्दिष्ट वार्षिक नियत लागत, रुपए में

एनएपीएएफ = प्रतिशतता में मानकीय संयंत्र उपलब्धता कारक

एनडीएम = मास में दिनों की संख्या

एनडीवाई = वर्ष में दिनों की संख्या

पीएएफएम = मास के दौरान प्राप्त संयंत्र उपलब्धता कारक, प्रतिशतता में

(3) पीएएफएम निम्नलिखित सूत्र के अनुसार संगणित किया जाएगा :

$$\text{पीएएफएम} = 1000 \times \sum_{i=1} \text{डीसी}_i / [\text{एन} \times \text{आईसी} \times (100 - \text{एयूएक्स})] \%$$

जहां,

एयूएस = प्रतिशतता में मानकीय सहायक ऊर्जा खपत

डीसी_i = दिन की समाप्ति के पश्चात् नोडल भार प्रेषण केंद्र द्वारा यथा प्रमाणित उस मास के iवें दिन के लिए घोषित क्षमता (एक्स-बस मेगावाट में) जिसमें केंद्र कम से कम तीन (3) घंटें के लिए परिदान कर सकता है ।

आईसी = संपूर्ण उत्पादन केंद्र की संस्थापित क्षमता (मेगावाट में)

एन = मास में दिनों की संख्या

(4) ऊर्जा प्रभार संगणित ऊर्जा प्रभार दर पर, एक्स-बस ऊर्जा संयंत्र आधार पर कलेंडर मास के दौरान, फायदाग्राहियों को प्रदाय की जाने वाली अनुसूचित कुल ऊर्जा, निःशुल्क ऊर्जा को छोड़कर,

यदि कोई हो, के लिए प्रत्येक फायदाग्राही द्वारा संदेय होगा । मास के लिए उत्पादन कंपनी को संदेय कुल ऊर्जा प्रभार निम्नलिखित होंगे :

(रुपए/केडब्ल्यूएच में ऊर्जा प्रभार दर) x [(केडब्ल्यूएच में मास के लिए अनुसूचित ऊर्जा (एक्स-बस) x (100-एफईएचएस)/100]

(5) हाइड्रो उत्पादन केंद्र के लिए एक्स-ऊर्जा संयंत्र आधार पर रुपए प्रति केडब्ल्यूएच में ऊर्जा प्रभार दर (ईसीआर) को खंड (7) में उपबंधों के अधीन रहते हुए, निम्नलिखित सूत्र के आधार पर तीन दशमलव स्थानों तक अवधारित की जाएगी :–

ईसीआर = एएफसी x 0.5 x 10/[डीई x (100-एयूएक्स) x (100-एफईएचएस)]

जहां,

डीई = नीचे खंड (6) में उपबंध के अधीन रहते हुए, एमडब्ल्यूएच में हाइड्रो उत्पादन केंद्र के लिए विनिर्दिष्ट वार्षिक डिजाइन ऊर्जा

एफईएचएस = विनियम 32 में यथापरिभाषित, प्रतिशत में गृह राज्य को निःशुल्क ऊर्जा

(6) यदि वर्ष के दौरन हाइड्रो उत्पादन केंद्र द्वारा वास्तविक उत्पादित कुल ऊर्जा, उत्पादन कंपनी के नियंत्रण से परे कारणों से डिजाइन ऊर्जा से कम होती है तो रोलिंग आधार पर निम्नलिखित को लागू किया जाएगा :–

(i) यदि उत्पादन केंद्र के वाणिज्यिक प्रचालन की तारीख से दस वर्ष के भीतर ऊर्जा में कमी आती है, तो ऊर्जा में कमी आए वर्ष के आगामी वर्ष के लिए ईसीआर की संगणना खंड (5) में विनिर्दिष्ट सूत्र के आधार पर इस उपांतरण के अधीन रहते हुए की जाएगी कि वर्ष के लिए डीई को उस पूर्व वर्ष के ऊर्जा प्रभार में कमी होने तक जिसके पश्चात् सामान्य ईसीआर लागू होगा, कमी आए वर्ष के दौरान उत्पादित वास्तविक ऊर्जा के बराबर माना जाएगा ;

(ii) यदि उत्पादन केंद्र के वाणिज्यिक प्रचालन की तारीख से 10 वर्ष के पश्चात् ऊर्जा में कमी आती है तो निम्नलिखित को लागू किया जाएगा :

माना केंद्र के लिए विनिर्दिष्ट वार्षिक ऊर्जा डीई, एमडब्ल्यूएच है और संबंधित (पहले) वर्ष तथा आगामी (दूसरे) वित्तीय वर्ष के दौरान उत्पादित वास्तविक ऊर्जा क्रमशः $ए^1$ तथा $ए^2$ एमडब्ल्यूएच है, $ए^1$ तथा $ए^2$ डीई से कम है, तब तीसरे वित्तीय वर्ष के लिए ईसीआर की संगणना करने हेतु इस विनियम के खंड (5) में दिए गए सूत्र में विचार की जाने वाली डिजाइन ऊर्जा को अधिकतम डीई एमडब्ल्यूएच तथा न्यूनतम एआई एमडब्ल्यूएच के अधीन रहते हुए, ($ए^1$ + $ए^2$ डीई) एमडब्ल्यूएच के रूप में संतुलित किया जाएगा ।

(iii) उत्पादित वास्तविक ऊर्जा (अर्थात् $ए^1$, $ए^2$) को 100/(100-एयूएक्स) द्वारा केंद्र से भेजी गई कुल मीटरित ऊर्जा को गुणांकित करके तय किया जाएगा ।

(7) यदि उपरोक्त खंड (5) में यथा संगणित, हाइड्रो उत्पादन केंद्र के लिए ऊर्जा प्रभार दर (ईसीआर), अस्सी पैसे प्रति केडब्ल्यूएच से अधिक होती है, तथा वर्ष में वास्तविक बिक्री योग्य ऊर्जा [डीई x (100-एयूएक्स) x (100-एफईएचएस)/1000] एडब्ल्यूएच से अधिक होती है, तो उपरोक्त से अधिक ऊर्जा के लिए ऊर्जा प्रभार को केवल अस्सी पैसे प्रति केडब्ल्यूएच पर बिल किया जाएगा ।

परंतु यह कि उस वर्ष के आगामी वर्ष में, जिसमें उत्पादन कंपनी के नियंत्रण के परे कारणों के लिए डिजाइन ऊर्जा उत्पादित कुल ऊर्जा से कम थी, ऊर्जा प्रभार दर को उस पूर्व वर्ष, जिसमें ऊर्जा में कमी आई है, के पश्चात् केवल अस्सी पैसे प्रति केडब्ल्यूएच तक की कमी की जाएगी ।

(8) उपलब्ध होने वाली घोषित सारी ऊर्जा के अधिकतम उपयोग के लिए संबंधित भार प्रेषण केंद्र, फायदाग्राहियों के परामर्श से, हाइड्रो इलैक्ट्रिक उत्पादन केंद्रों के लिए अनुसूची को अंतिम रूप देगा जिसे सभी फायदाग्राहियों के लिए उत्पादन केंद्र में उनके अपने-अपने आबंटनों के अनुपात में अनुसूचित किया जाएगा ।

23. **अंतर-राज्यिक पारेषण प्रणाली के लिए पारेषण प्रभारों की संगणना तथा संदाय**

(1) पारेषण प्रणाली की नियत लागत की संगणना इन विनियमों में अंतर्विष्ट संनियमों के अनुसार यथा समुचित संकलित, वार्षिक आधार पर की जाएगी तथा प्रणाली के उन उपयोक्ताओं से पारेषण प्रभारों के रूप में मासिक आधार पर वसूली जाएगी जो विनियम 33 में विनिर्दिष्ट रीति से इन प्रभारों को आपस में बाटेंगे ।

(2) पारेषण प्रणाली या उसके भाग के लिए कलेंडर मास के लिए संदेय पारेषण प्रभार (प्रोत्साहन को छोड़कर) निम्नानुसार होंगे :-

एएफसी x (एनडीएम/एनडीवाई) x (टीएएफएम/एनएटीएएफ)

जहां,

एएफसी = वर्ष के लिए विनिर्दिष्ट वार्षिक नियत लागत, रुपए में

एनएटीएफ = मानकीय वार्षिक पारेषण कुल उपलब्धता कारक, प्रतिशत में

एनडीएम = मास में दिनों की संख्या

एनडीवाई = वर्ष में दिनों की संख्या

टीएएफएम = मास के लिए पारेषण प्रणाली उपलब्धता कारक, प्रतिशत में, परिशिष्ट-4 के अनुसार संगणित ।

(3) उस पारेषण प्रणाली के भाग के लिए पारेषण प्रभारों का परिकलन फायदाग्राहियों द्वारा उनके अंश के अनुसार पृथक् रूप से किया जाएगा जिसके पास विभिन्न एनएटीएएफ है तथा उसके पश्चात् संकलित हो ।

(4) पारेषण अनुज्ञप्तिधारी टीएएफएम के अपने प्राक्कलन के आधार पर मास के लिए पारेषण प्रभारों (प्रोत्साहन के साथ) के लिए बिल करेगा । समायोजन, यदि कोई हो, सुसंगत मास के अंतिम दिन से 30 दिन के भीतर संबंधित क्षेत्र के प्रादेशिक ऊर्जा समिति के सदस्य-सचिव द्वारा प्रमाणित किए जाने वाले टीएएफएम के आधार पर किया जाएगा ।

24. **अननुसूचित विनिमय (यूआई) प्रभार** (1) उत्पादन केंद्रों के लिए वास्तविक कुल अंतःक्षेपण तथा अनुसूचित कुल अंतःक्षेपण के बीच सभी अंतर, तथा फायदाग्राहियों के लिए वास्तविक कुल निकासी तथा अनुसूचित कुल निकासी के बीच होने वाले अंतरों को उनके अपने-अपने उन अननुसूचित विनिमय प्रभारों के रूप में माना जाएगा जो आयोग द्वारा समय-समय पर, विनिर्दिष्ट सुसंगत विनियमों द्वारा शासित होंगे ।

(2) प्रत्येक अंतरराज्यिक इकाई के वास्तविक कुल अनुसूचित विनिमय को केंद्रीय पारेषण उपयोगिता द्वारा संस्थापित विशेष ऊर्जा मीटरों के माध्यम से उसकी सीमा पर मीटरित किया जाएगा तथा संबंधित प्रादेशिक भार प्रेषण केंद्र द्वारा प्रत्येक 15 मिनट के समय ब्लाक के लिए एमडब्ल्यूएच में परिकलित किया जाएगा ।

अध्याय 4

प्रचालन संनियम

25. (1) उत्पादन कंपनी और पारेषण अनुज्ञप्तिधारी द्वारा क्षमता प्रभार, ऊर्जा प्रभार, पारेषण प्रभार तथा प्रोत्साहन की वसूली इस अध्याय में विनिर्दिष्ट प्रचालनात्मक संनियमों की उपलब्धि के आधार पर होगी ।

(2) आयोग उन किसी भी उत्पादन केंद्रों, जिसके लिए शिथिल संनियम बनाए गए हैं, के संबंध में इस अध्याय में विनिर्दिष्ट स्टेशन हीट रेट के संनियमों को स्वयं पुनरीक्षित कर सकेगा ।

(3) संनियमों के संबंध में गौण ईंधन तेल खपत के कारण हुई बचत को वर्ष की समाप्ति पर निम्नलिखित सूत्र के अनुसार 50:50 के अनुपात में फायदाग्राहियों के साथ बांटा जाएगा :

$= (\text{एसएफएस} \times \text{एनएपीएएफ} \times 24 \times \text{एनडीवाई} \times \text{आईसी} \times 10 - \text{एसी}_{\text{एसएफओवाई}}) \times \text{एलपीएसएफ}_{\text{वाई}} \times 0.5$

जहां,

$\text{एसी}_{\text{एसएफओवाई}}$ = वर्ष के दौरान गौण ईंधन तेल की वास्तविक खपत एमएल में

थर्मल उत्पादन केंद्र के लिए प्रचालन संनियम

26. नीचे दिए गए प्रचालन संनियम थर्मल उत्पादन केंद्र को लागू होंगे ।

(i) मानकीय वार्षिक संयंत्र उपलब्धता कारक (एनएपीएएफ)

(क) खंड (ख), (ग), (घ), (ङ) और (च) के सिवाय सभी थर्मल उत्पादन केंद्र - 85%

(ख) एनटीपीसी लि. के कोयला आधारित निम्नलिखित थर्मल उत्पादन केंद्र

तलचर टीपीएस	82%
बदरपुर टीपीएस	82%

(ग) नवेली लिग्नाइट कारपोरेशन लि. के निम्नलिखित लिग्नाइट चालित थर्मल उत्पादन केंद्र

टीपीएस-I	72%
टीपीएस-II स्टेज-I और II	75%
टीपीएस-I (विस्तारण)	80%

(घ) दामोदर घाटी निगम (डीवीसी) के निम्नलिखित थर्मल उत्पादन केंद्र

मिझा टीपीएस यूनिट-I से IV	82%
बोकारो टीपीएस	75%
चंदरपुर टीपीएस	60%
दुर्गापुर टीपीएस	74%

(ङ) निपको के गैस आधारित निम्नलिखित थर्मल उत्पादन केंद्र

असम जीपीएस	72%

(च) सर्कुलेटरी फ्लयूडाइड बेड कंबस्टन (सीएफबीसी) तकनीकी का उपयोग करने वाले लिग्नाइट चालित उत्पादन केंद्र,--

1. वाणिज्यिक प्रचालन की तारीख से पहले तीन मास 75%
2. वाणिज्यिक प्रचालन की तारीख के 3 वर्ष के पूरा होने के पश्चात् अगले वर्ष से 80%

(ii) सकल स्टेशन हीट रेट

अ. विद्यमान थर्मल उत्पादन केंद्र

(क) विद्यमान कोयला आधारित थर्मल उत्पादन केंद्र जो नीचे खंड (ख) तथा (ग) के अंतर्गत सम्मिलित नहीं हैं

200/210/250 मेगावाट सेट	500 मेगावाट सेट (उप-जटिल)
2500 केसीएएल/केडब्ल्यूएच	2425 केसीएएल/केडब्ल्यूएच

टिप्पण 1

500 मेगावाट और उससे ऊपर की यूनिटों, जहां बायलर फीड पम्प विद्युत से प्रचालित किए जाते हैं, के संबंध में, सकल स्टेशन हीट रेट ऊपर विनिर्दिष्ट सकल स्टेशन हीट रेट से निम्न 40 केसीएएल/केडब्ल्यूएच होगा ।

टिप्पण 2

200/210/250 मेगावाट सेट तथा 500 मेगावाट और उससे ऊपर के सेटों के संमिश्रण वाले उत्पादन केंद्रों के लिए मानकीय सकल स्टेशन हीट दर भारित औसत सकल स्टेशन हीट रेट होगी ।

(ख) एनटीपीसी लि. के थर्मल उत्पादन केंद्र :

बदरपुर टीपीएस	2825 केसीएएल/केडब्ल्यूएच
तलचर टीपीएस	2950 केसीएएल/केडब्ल्यूएच
टांडा टीपीएस	2825 केसीएएल/केडब्ल्यूएच

(ग) दामोदर घाटी निगम (डीवीसी) के थर्मल उत्पादन केंद्र :

बोकारो टीपीएस	2700 केसीएएल/केडब्ल्यूएच
चंदरपुर टीपीएस	3100 केसीएएल/केडब्ल्यूएच
दुर्गापुर टीपीएस	2820 केसीएएल/केडब्ल्यूएच

(घ) लिग्नाइट चालित थर्मल उत्पादन केंद्र

(1) नेवेली लिग्नाइट कारपोरेशन लि. के टीपीएस-I तथा टीपीएस-II (प्रक्रम I तथा II) के सिवाय, लिग्नाइट चालित थर्मल उत्पादन केंद्रों के लिए कोयला आधारित थर्मल उत्पादन केंद्रों हेतु उपखंड (क) के अधीन विनिर्दिष्ट सकल स्टेशन हीट रेट निम्नानुसार गुणांकित

कारकों का उपयोग करते हुए, संशोधन के साथ लागू किए जाएंगे :

(i) 50% आर्द्रता वाले लिग्नाइट के लिए : 1.10

(ii) 40% आर्द्रता वाले लिग्नाइट के लिए : 1.07

(iii) 30% आर्द्रता वाले लिग्नाइट के लिए : 1.04

(iv) आर्द्रता अंतर्वस्तु के अन्य मूल्यों के लिए, गुणांकित कारक उपरोक्त उपखंड (i) से (iii) के अधीन दी गई अपनी-अपनी रेंज के लिए गुणांकित कारकों के रेटित मूल्यों पर निर्भर करते हुए, 30-40 तथा 40-50 के बीच आर्द्रता अंतर्वस्तु के लिए प्रो-रेटित होगी ।

(2) नेवेली लिग्नाइट कारपोरेशन लि. के टीपीएस-। तथा टीपीएस-।। (प्रक्रम । तथा ।।)

टीपीएस-। 4000 केसीएएल/केडब्ल्यूएच

टीपीएस-।। 2900 केसीएएल/केडब्ल्यूएच

(ङ) ओपन साइकल गैस टर्बाइन/संयुक्त साइकल उत्पादन केंद्र

(i) एनटीपीसी लि. तथा निपको के विद्यमान उत्पादन केंद्र

उत्पादन केंद्र का नाम	संयुक्त साइकल (केसीएएल/केडब्ल्यूएच)	ओपन साइकल (केसीएएल/केडब्ल्यूएच)
गंधार ज़ीपीएस	2040	2960
कवास जीपीएस	2075	3010
अंता जीपीएस	2075	3010
दादरी जीपीएस	2075	3010
औरेया जीपीएस	2100	3045
फरीदाबाद जीपीएस	2000	2900
कायमकुलम जीपीएस	2000	2900
असम जीपीएस	2400	3440
अगरतला जीपीएस		3500

आ. 1.4.2009 को या उसके पश्चात् वाणिज्यिक प्रचालन की तारीख को प्राप्त करने वाले नए थर्मल उत्पादन केंद्र

(ख) कोयला आधारित तथा लिग्नाइट चालित थर्मल उत्पादन केंद्र (केंद्र) = 1.065 x डिजाइन हीट रेट (केसीएएल/केडब्ल्यूएच) :

जहां यूनिट की डिजाइन हीट दर से 100% एमसीआर, शून्य प्रतिशत मेकअप, डिजाइन कोयला तथा डिजाइन कूलिंग जल तापमान/बैक दबाव की शर्तों पर प्रदायकर्ता द्वारा गारंटीकृत यूनिट हीट रेट अभिप्रेत है :

परंतु यह कि डिजाइन हीट रेट यूनिटों के दबाव तथा तापमान रेटिंग पर निर्भर करते हुए, निम्नलिखित डिजाइन रेट से अधिक नहीं होगी :

दबाव रेटिंग (केजी/सीएम2)	50	170	170	247	247
एसएचटी/आरएचटी (ओसी)	535/535	537/537	537/565	537/565	565/593
बीएफपी का आकार	विद्युत चालन	टर्बाइन चालन	टर्बाइन चालन	टर्बाइन चालन	टर्बाइन चालन
मैक्स टर्बाइन साइकल हीट रेट	1955	1950	1935	1900	1850
न्यूनतम बायलर दक्षता					
उप-बिटूमिनस भारतीय कोयला	0.85	0.85	0.85	0.85	0.85
बिटूमिनस आयातित कोयला	0.89	0.89	0.89	0.89	0.89
डिजाइन हीट रेट					
उप-बिटूमिनस भारतीय कोयला	2300	2294	2276	2235	2176
बिटूमिनस आयातित कोयला	2197	2191	2174	2135	2079

परंतु यह और कि यदि दबाव तथा तापमान पैरामीटर उपरोक्त रेटिंग से अलग होती है तो निकटतम श्रेणी के उच्चतम डिजाइन हीट रेट को लिया जाएगा :

परंतु यह भी कि जहां यूनिट हीट दर गारंटीकृत नहीं है किंतु टर्बाइन साइकिल हीट रेट तथा बायलर दक्षता उसी प्रदायकर्ता या विभिन्न प्रदायकर्ताओं द्वारा पृथक् रूप से गारंटीकृत है वहां यूनिट डिजाइन हीट रेट को गारंटीकृत टर्बाइन साइकल हीट दर तथा बायलर दक्षता का उपयोग करके तय किया जाएगा :

परंतु यह कि यदि 1.4.2009 से पूर्व एक या अधिक यूनिटों को वाणिज्यिक प्रचालन के अधीन घोषित किया जाता है तब 1.4.2009 को या उसके पश्चात् उन यूनिटों तथा वाणिज्यिक प्रचालन के अधीन घोषित किए गए यूनिटों के लिए हीट दर संनियम विनियम 26(ii) अ (क) के अनुसार उपरोक्त पद्धति तथा संनियमों द्वारा तय किए जाएंगे ।

परंतु यह भी कि लिग्नाइट चालित उत्पादन केंद्रों (सीएफबीसी तकनीकी आधारित केंद्रों सहित) की दशा में, उच्च डिजाइन हीट रेटों को इस विनियम के खंड (ii) अ (घ) के उपखंड (1) में दी गई आर्द्रता अंतर्वस्तु के लिए कारकों का उपयोग करते हुए बढ़ाया जाएगा ।

टिप्पण : ऐसे यूनिटों के संबंध में जहां बायलर फीड पम्प विद्युत रूप से चालित होते हैं, डिजाइन हीट दर टर्बाइन से चालित बीएफपी के साथ उपरोक्त डिजाइन हीट दर से निम्न 40 केसीएएल/केडब्ल्यूएच होगी ।

(ग) गैस आधारित/तरल ईंधन आधारित थर्मल उत्पादन यूनिट (यूनिटें)/ब्लाक (ब्लाकों)

= प्राकृतिक गैस तथा आरएलएनजी के लिए 1.05 x यूनिट/ब्लॉक की 1.05 x डिजाइन हीट रेट (केसीएएल/केडब्लूएच)

= तरल ईंधन के लिए 1.071 x यूनिट/ब्लॉक की 1.071 x डिजाइन हीट रेट

जहां यूनिट के डिजाइन हीट दर से 100% एमसीआर के लिए तथा स्थल संबंधित शर्तों पर गारंटीकृत हीट दर अभिप्रेत है, तथा ब्लॉक की डिजाइन हीट दर से 100% एमसीआर पर ब्लॉक के लिए, स्थल संबंधित शर्तों, शून्य प्रतिशत मेकअप, डिजाइन शीतलन जल तापमान/बैक दबाव के लिए गारंटीकृत हीट दर अभिप्रेत है ।

(iii) गौण ईंधन तेल खपत

(क) नीचे (ग) से भिन्न कोयला आधारित उत्पादन केंद्र : 1.0 एमएल/केडब्ल्यूएच

(ख) (i) सीएफबीसी तकनीकी पर आधारित तथा

टीपीएस-I के सिवाय लिग्नाइट चालित उत्पादन केंद्र : 2.0 एमएल/केडब्ल्यूएच

(ii) टीपीएस-I : 3.5 एमएल/केडब्ल्यूएच

(iii) सीएफबीसी तकनीकी आधारित लिग्नाइट

चालित उत्पादन केंद्र : 1.25 एमएल/केडब्ल्यूएच

(ग) डीवीसी के कोयला आधारित उत्पादन केंद्र :

मिझा टीपीएस यूनिट 1 से 4	2.0 एमएल/केडब्ल्यूएच
बोकारो टीपीएस	2.0 एमएल/केडब्ल्यूएच
चंदरपुर टीपीएस	3.0 एमएल/केडब्ल्यूएच
दुर्गापुर टीपीएस	2.4 एमएल/केडब्ल्यूएच

(iv) सहायक ऊर्जा खपत

(क) नीचे (ख) के सिवाय कोयला आधारित उत्पादन केंद्र :

		प्राकृतिक ड्राफ्ट शीतन टावर के साथ या शीतन टावर के बिना
(i)	200 एमडब्ल्यू सीरीज	8.5%
(ii)	500 एमडब्ल्यू सीरीज और उससे ऊपर	
	भाप चालित बायलर फीड पम्प	6.0%
	विद्युत चालित बायलर फीड पम्प	8.5%

परंतु यह और कि इंड्यूस्ड शीतल टावरों के साथ थर्मल उत्पादन केंद्रों के लिए, संनियमों में 0.5% तक की और वृद्धि की जाएगी ।

(ख) अन्य कोयला आधारित उत्पादन केंद्र :

(i)	तलचर थर्मल ऊर्जा केंद्र	10.5%
(ii)	टांडा थर्मल ऊर्जा केंद्र	12.0%
(iii)	बदरपुर थर्मल ऊर्जा केंद्र	9.5%
(iv)	बोकारो थर्मल ऊर्जा केंद्र	10.25%
(v)	चंदरपुर थर्मल ऊर्जा केंद्र	11.50%
(vi)	दुर्गापुर थर्मल ऊर्जा केंद्र	10.50%

(ग) गैस टर्बाइन/संयुक्त साइकल उत्पादन केंद्र :

(i) संयुक्त साइकल 3.0%

(ii) ओपन साइकल 1.0%

(घ) लिग्नाइट आधारित थर्मल उत्पादन केंद्र :

(i) 200 मेगावाट सेट तथा ऊपर वाले सभी उत्पादन केंद्र :

सहायक ऊर्जा खपत संनियम उपरोक्त (iv) (क) (i) (ii) पर कोयला आधारित उत्पादन केंद्रों के सहायक ऊर्जा खपत संनियमों से 0.5% प्रतिशत बिंदु अधिक होंगे:

परंतु यह कि सीएफबीसी तकनीकी का उपयोग करने वाले लिग्नाइट चालित केंद्रों के लिए सहायक ऊर्जा खपत संनियम उपरोक्त खंड (iv) (क) (i) तथा (ii) पर कोयला आधारित उत्पादन केंद्र के सहायक ऊर्जा खपत से अधिक 1.5% बिंदु होंगे ।

(ii) एनएलसी के सीएफबीसी तकनीकी का उपयोग करने वाले बरसीनगर उत्पादन केंद्र : 11.5%

(iii) नेवेली लिग्नाइट कारपोरेशन लि. के टीपीएस-I, टीपीएस-I (विस्तारण) तथा टीपीएस-II प्रक्रम I और II :

टीपीएस-I	12.0%
टीपीएस-II	10.0%
टीपीएस-I (विस्तारण)	9.50%

(iv) सीएफबीसी तकनीकी का उपयोग करने वाले लिग्नाइट आधारित उत्पादन केंद्रों के लिए चूना पत्थर खपत

बरसीनगर	:	0.056 केजी/केडब्ल्यूएच
टीपीएस-I (विस्तारण)	:	0.046 केजी/केडब्ल्यूएच

हाइड्रो उत्पादन केंद्रों के लिए प्रचालन संनियम

27. (i) नीचे दिए गए प्रचालन के संनियम हाइड्रो उत्पादन केंद्र को लागू होंगे :

(1) हाइड्रो उत्पादन केंद्रों के लिए मानकीय वार्षिक संयंत्र उपलब्धता कारक (एनएपीएएफ) आयोग द्वारा निम्नलिखित मानदंडों के अनुसार अवधारित किया जाएगा :

(i) 8% तक के पूर्ण जलाशय स्तर (एफआरएल) तथा मध्यम ड्राडाउन स्तर (एमडीडीएल) के बीच हेड फेरफार के साथ भंडारण तथा तालाब आकार के संयंत्र तथा जहां संयंत्र उपलब्धता सिल्ट द्वारा प्रभावित नहीं होती है : 90%

(ii) 8% से अधिक के एफआरएल तथा एमडीडीएल के बीच हेड फेरफार के साथ भंडारण तथा तालाब आकार के संयंत्रों, जहां संयंत्र उपलब्धता सिल्ट से प्रभावित नहीं होती है, संपूर्ण मास जलाशय स्तर में गिरावट के रूप में मेगावाट आउटपुट क्षमता में कटौती के लिए एनएपीएएफ में उपबंधित किए जाने वाले संयंत्र-विनिर्दिष्ट भत्ता I साधारण मार्गदर्शक सिद्धांत के रूप में, इस मद्दे छूट निम्नलिखित सूत्र का उपयोग करते हुए, नेट हेड के प्रक्षेपण से निकाली जाएगी :

(औसत हेड / रेटित हेड)+0.02

वैकल्पिक रूप से, ऐसे प्रक्षेपण करने में आई कठिनाई की दशा में, छूट को निम्नलिखित रूप से अवधारित किया जाएगा :

[(एमडीडीएल पर हेड/रेटित हेड) x 0.5 + 0.52]

(iii) तालाब आकार के संयंत्र जहां संयंत्र उपलब्धता सिल्ट द्वारा प्रभावित होती है : 85%

(iv) नदी से चलने वाले संयंत्र : पिछले अनुभव द्वारा संतुलित, जहां लागू/सुसंगत हो, 10 दिन डिजाइन ऊर्जा डाटा के आधार पर संयंत्रवार अवधारित किया जाने वाला एमएपीएएफ

(2) विशेष परिस्थितियों, जैसे प्रसामान्य सिल्ट समस्या या अन्य प्रचालन हालात तथा अज्ञात संयंत्र परिसीमाओं के अधीन एनएपीएएफ अवधारण करने में आयोग द्वारा और छूट दी जा सकेगी ।

(3) उत्तर-पूर्वी क्षेत्र में कठिनाई के लिए 5% की और छूट दी जा सकेगी ।

(4) नई हाइड्रो विद्युत परियोजना की दशा में, विकासकर्ता के पास इस विनियम के उपखंड (1), (2) तथा (3) में प्रगणित सिद्धांतों के आधार पर एनएपीएएफ के नियतन के लिए अग्रिम में आयोग के पास आने का विकल्प होगा ।

(5) पहले ही प्रचालन में हाइड्रो उत्पादन केंद्रों के मानकीय वार्षिक संयंत्र उपलब्धता कारक (एनएपीएएफ) निम्नलिखित रूप में होगा :–

केंद्र	संयंत्र का प्रकार	संयंत्र क्षमता यूनिटों की संख्या x मेगावाट	एनएपीएएफ (%)
एनएचपीसी			
चमेरा-I	तालाब	3 X 180	90
बैरासूल	तालाब	3 X 60	85
लोकटक	भंडारण	3 X 35	85
चमेरा-II	तालाब	3 X 100	90

रंजीत	तालाब	3 X 20	85
धौलीगंगा	तालाब	3 X 70	85
तिस्ता-V	तालाब	3 X 170	85
दुलहस्ती	तालाब	3 X 130	90
सलाल	आरओआर	3 X 115	60
उरी	आरओआर	3 X 120	60
टनकपुर	आरओआर	3 X 31.4	55
एनएचडीसी			
इंदिरा सागर	भंडारण	3 X 125	85
ओंकारेश्वर	तालाब	3 X 65	90
टीएचडीसी			
टिहरी प्रक्रम-I	भंडारण	3 X 250	77
एसजेवीएनएल			
नाथपा झाकरी	तालाब	3 X 250	82
निपको			
कोपली स्टेज-1	भंडारण	3 X 50	79
खांनडाग तथा कोपली स्टेज-2	भंडारण	3 X 25	69
डोयांग	भंडारण	3 X 25	73
रंगानदी	तालाब	3 X 135	85
डीवीसी			
पंचेट	भंडारण	3 X 40	80
तिलैया	भंडारण	3 X 2	80
मैथान	भंडारण	3 X 20	80

(II) **सहायक ऊर्जा खपत (एयूएक्स)** :

(क) भूतल हाइड्रो उत्पादन केंद्र

(i) उत्पादक शाफ्ट पर गढ़ित रोटेरिंग
एक्साइटरों के साथ - 0.7%

(ii) स्टेटिक अर्जन प्रणाली के साथ - 0.1%

(ख) भूमिगत हाइड्रो उत्पादन केंद्र

(i) उत्पादक शाफ्ट पर गढ़ित उद्दीपक
रोटेटिंग के साथ - 0.9%

(ii) स्टेटिक उद्दीपन प्रणाली के साथ - 1.2%

पारेषण प्रणाली के लिए प्रचालन संनियम

28. **मानकीय वार्षिक पारेषण प्रणाली उपलब्धता कारक (एनएटीएसएफ)** निम्नानुसार होंगे :-

(1) एसी प्रणाली : 98%

(2) एचवीडीसी बाई-पोल लिंक्स : 92%

(3) तथा एचवीडीसी बैक-टू-बैक स्टेशन : 95%

29. **उपकेंद्र में सहायक ऊर्जा खपत**

(क) एसी प्रणाली

वातानुकुलन, प्रकाश तथा अन्य उपस्कर में खपत के प्रयोजन के लिए एसी उपकेंद्र में सहायक ऊर्जा खपत के लिए प्रभारों का वहन पारेषण अनुज्ञप्तिधारी द्वारा किया जाएगा तथा इसमें मानकीय प्रचालन तथा रखरखाव खर्चे सम्मिलित हैं ।

(ख) एचवीडीसी उप-केंद्र

एचवीडीसी उप-केंद्र में सहायक ऊर्जा खपत के लिए, केंद्रीय सरकार एक या अधिक आईएसजीएस से समुचित अंश का आबंटन कर सकेगी । एसी ऊर्जा के लिए प्रभारों का वहन पारेषण अनुज्ञप्तिधारी द्वारा किया जाएगा तथा इसमें मानकीय प्रचालन तथा रखरखाव खर्चे भी सम्मिलित हैं ।

अध्याय - 5

अनुसूचीकरण, लेखांकन और बिलिंग

30. **अनुसूचीकरण** उत्पादन केंद्र के लिए अनूसूचीकण और प्रेषण के लिए रीति समय-समय पर यथासंशोधित भारतीय विद्युत ग्रिड संहिता में यथा विनिर्दिष्ट रूप में होगी ।

31. **मीटरिंग और लेखाकंन** समय-समय पर यथा संशोधित भारतीय विद्युत ग्रिड संहिता के उपबंध लागू होंगे ।

32. **बिलिंग और प्रभार का संदाय** (1) क्षमता प्रभार और पारेषण प्रभार के लिए बिल मासिक आधार पर बिल इन विनियमों के अनुसार उत्पादन कंपनियों और पारेषण अनुज्ञप्तिधारियों द्वारा क्रमशः जारी किए जाएंगे और फायदाग्राहियों या पारेषण ग्राहकों द्वारा संदाय प्रत्यक्षतः, यथास्थिति, उत्पादन कंपनी या पारेषण अनुज्ञप्तिधारी को किया जाएगा ।

(2) थर्मल उत्पादन केंद्रों के मामले में, क्षमता प्रभार का संदाय, उत्पादन केंद्र की संस्थापित क्षमता में उत्पादन केंद्र के फायदाग्राहियों द्वारा उस मास के लिए (अनाबंटित क्षमता में से किसी आबंटन सहित) उनकी प्रतिशतता अंश के अनुसार बांटा जाएगा । हाइड्रो उत्पादन केंद्र के लिए क्षमता प्रभार तथा ऊर्जा प्रभार का संदाय विक्रय योग्य क्षमता में (टिप्पण 3 के अनुसार गृह राज्य को निःशुल्क ऊर्जा की तत्स्थानी क्षमता के समायोजन के बाद अवधारित की जाने वाली) उनके अंश के अनुपात में (अनाबंटित क्षमता में से आबंटन सहित) उत्पादन केंद्र के फायदाग्राहियों द्वारा बांटा जाएगा ।

टिप्पण 1

केंद्रीय सेक्टर उत्पादन केंद्रों की पूर्ण क्षमता में प्रत्येक हिताधिकारी के अंश/आबंटन अनाबंटित क्षमता में से किए गए किसी आबंटन सहित ऐसे होंगे जो केंद्रीय सरकार द्वारा अवधारित किए जाएं । अंशों को, केंद्र क्षमता की प्रतिशतता में उपयोजित किया जाएगा और मास के दौरान वे सामान्यतया नियत रहेंगे । केंद्रीय सरकार के विनिश्चय पर आधारित आबंटन में परिवर्तनों की सूचना सदस्य सचिव, प्रादेशिक विद्युत समिति द्वारा कलेंडर मास प्रारंभ होने के पूर्व कम से कम तीन दिन अग्रिम में सिवाय आपातकालीन मामले के जब अनाबंटित क्षमता में से आंबटन में तत्काल परिवर्तन हो जाए, दी जाएगी । किसी भी

फायदाग्राही के कुल क्षमता अंश, क्षमता अंश और अनाबंटित भाग में से आबंटन का योग होंगे । केंद्रीय सरकार द्वारा अनाबंटित विद्युत के किसी विशिष्ट आबंटन की अनुपस्थिति में, अनाबंटित विद्युत को आबंटित अंशों में उसी अनुपात में जोड़ा जाएगा जो कि आबंटित अंशों का है ।

टिप्पण 2

हिताधिकारी अपने आबंटित फर्म के अंश के एक भाग को क्षेत्र के भीतर या बाहर राज्यों को अभ्यर्पित करने का प्रस्ताव कर सकेंगे । ऐसे मामलों में, विद्युत अंतरण की तकनीकी व्यावहार्यता और उत्पादन कंपनी द्वारा क्षेत्र के भीतर या बाहर अन्य राज्यों से किए गए विशिष्ट करारों पर निर्भर करते हुए, फायदाग्राहियों के अंश केंद्रीय सरकार द्वारा कलेंडर मास के प्रारंभ होने पर भावी रूप में एक विनिर्दिष्ट अवधि (पूरे मास में) के लिए पुनः आबंटित किए जा सकेंगे । जब इस प्रकार से पुनः आबंटन कर दिया जाए, अंश अभ्यर्पित करने वाले फायदाग्राही अभ्यर्पित अंशों के लिए क्षमता प्रभारों का संदाय करने के दायी नहीं होंगे । उपरोक्तानुसार अभ्यर्पित और पुनः आबंटित क्षमता के लिए क्षमता प्रभारों का संदाय उस राज्य या राज्यों द्वारा किया जाएगा जिन्हें अभ्यर्पित क्षमता आबंटित की गई है । उपरोक्तानुसार क्षमता के पुनः आंबटन की अवधि के सिवाय, उत्पादन केंद्र के हिताधिकारी, आबंटित क्षमता अंशों के अनुसार पूर्ण क्षमता प्रभारों का संदाय करते रहेंगे । ऐसे किसी भी पुनः आबंटन की सूचना सभी संबंधित व्यक्तियों को सदस्य-सचिव, क्षेत्रीय विद्युत समिति द्वारा, ऐसा पुनः आबंटन प्रभावी होने के पूर्व कम से कम तीन दिन अग्रिम में दी जाएगी ।

टिप्पण 3

एफईएचएस = प्रतिशतता में गृह राज्य को निःशुल्क ऊर्जा 12% के रूप में ली जाएगी :

परंतु यह कि उन मामलों में जहां हाइड्रो परियोजना का स्थल बोली की दो पारदर्शी प्रक्रिया प्रक्रम का अनुसरण करते हुए राज्य सरकार द्वारा विकासकर्ता (जो राज्य के नियंत्रणाधीन या स्वामित्वाधीन कंपनी नहीं है) को दिए जाते हैं, वहां 13% "निःशुल्क ऊर्जा" की जाएगी तथा जिसमें उत्पादन केंद्र की वाणिज्यिक प्रचालन की तारीख से 10 वर्ष की

अवधि के लिए प्रत्येक परियोजना प्रभावित परिवार को प्रत्येक मास निःशुल्क लागत पर प्रदान की जाने वाली विद्युत के 100 यूनिटों के तत्स्थानी ऊर्जा भी सम्मिलित हैं ।

(3) क्षेत्रीय विद्युत समिति के सदस्य-सचिव द्वारा जारी मासिक ऊर्जा लेखा में उस अनुपात को विनिर्दिष्ट करने वाला विवरण भी सम्मिलित होगा जिसमें इस मास के लिए पारेषण प्रभारों को विनियम 33 के अनुसार पारेषण उपयोगकर्ताओं द्वारा बांटा जाना है ।

33. **पारेषण प्रभारों का विभाजन** (1) संबंधित क्षेत्रीय (सामान्य) पारेषण प्रणाली के प्रयोक्ताओं द्वारा किसी मास के लिए संदेय क्षेत्रीय प्रभार निकालने के लिए निम्नलिखित जोड़ा जाएगा :

(क) क्षेत्र में अंतरराज्य पारेषण प्रणाली (आईएसटीएस) के सभी घटकों के लिए उस मास हेतु संदेय रकम, जिसके लिए प्रभारों को सभी क्षेत्र फायदाग्राहियों द्वारा पूल किया जाना और साझा करना करार पाया है । इसमें अनिवार्य रूप से 1.4.2008 को वाणिज्यिक प्रचालन में आईएसटीएस के सभी संघटक तथा उत्पादन केंद्र, जिसकी उत्पादन यूनिट को 31.3.2008 को वाणिज्यिक प्रचालन के अधीन घोषित किया गया था, से संबद्ध पारेषण प्रणाली के सभी संघटक भी सम्मिलित होंगे ।

(ख) सभी संपूर्ण नई पारेषण प्रणालियों या ऐसे भागों के लिए मास हेतु संदेय रकम, जिसके लिए क्षेत्रीय फायदाग्राहियों ने पूल आधार पर प्रभारों का संदाय करने का करार किया है या आयोग द्वारा ऐसा विनिश्चित किया गया है । इनमें, भावी उत्पादन परिवर्धन को पूरा करने के लिए उसमें निर्मित अतिरिक्त क्षमता के अनुपात के साथ किसी नई सहबद्ध पारेषण प्रणाली और/या संबाधेत विद्युत संयंत्र के प्रत्यक्षतः विशेषता योग्य न होने को सशक्त बनाने वाली प्रणाली के लिए कुल प्रभारों के समुचित अंश सम्मिलित हो सकेंगे ।

(2) उपरोक्त क्षेत्रीय पारेषण प्रभार (कुल मिलाकर) निम्नलिखित में बांटे जाएंगे :

(i) उस क्षेत्र में और अन्य क्षेत्रों में अंतर-राज्य उत्पादन केंद्रों में मास के दौरान सभी क्षेत्रीय फायदाग्राही अपने-अपने हकदारी (एमडब्ल्यू में) की राशि के अनुपात में, किंतु ऐसी उत्पादन क्षमता को अपवर्जित करते हुए जिसके लिए सहबद्ध पारेषण प्रणाली के प्रभार पूरी तरह पूल नहीं किए जा रहे हैं ।

(ii) संबंधित क्षेत्र में किसी उत्पादन केंद्र में हकदारी रखने वाले अन्य क्षेत्रों के फायदाग्राही, मास के दौरान ऐसी हकदारी (एमडब्ल्यू में) के अनुपात में, किंतु ऐसी उत्पादन क्षमता को अपवर्जित करते हुए जिसके लिए सहबद्ध पारेषण प्रणाली के प्रभार पूरी तरह पूल नहीं किए जा रहे हैं ।

(iii) क्षेत्र में अंतर-राज्यिक पारेषण प्रणाली से संबद्ध उत्पादन केंद्रों की स्वामित्व वाली उत्पादन कंपनिया किंतु जिनके लिए किसी भी कारण से सहबद्ध पारेषण प्रणाली पूरी तरह कमीशन नहीं हुए है, मास की समाप्ति तक तक कमीशन की गई उत्पादन क्षमता और मास के प्रारंभ तक कमीशन की गई अभिहित सहबद्ध केंद्रीय पारेषण प्रणाली वाली क्षमता के बीच अंतर (एमडब्ल्यू में) के अनुपात में ।

(iv) क्षेत्रीय पारेषण प्रणाली के मध्यम-अवधि प्रयोक्ता, एमडब्ल्यू के अनुपात में जिसके लिए उस मास हेतु मध्यम-अवधि उपयोग को केंद्रीय पारेषण उपयोगिता द्वारा अनुमोदित किया गया है ।

(3) सिवाय ऐसे मामलों के जहां विनिर्दिष्ट रूप से अन्यथा करार किया गया है, अंतर-क्षेत्रीय लिंक के लिए पारेषण प्रभार निम्नलिखित रीति में बांटे जाएंगे :

(i) पूर्वी और उत्तरी/पश्चिमी/दक्षिणी क्षेत्रों के मध्य अंतर-क्षेत्रीय लिंकों के लिए उस मास हेतु संदेय रकम अंतर-राज्य उत्पादन केंद्रों में उनकी अपनी-अपनी हकदारियों (एमडब्ल्यू में) की राशि के अनुपात में उनके अपने क्षेत्र और पूर्वी क्षेत्र में, पश्चात्वर्ती क्षेत्र (उत्तरी/पश्चिमी/पूर्वी) के हिताधिकारियों द्वारा वहन की जाएगी, किंतु ऐसी उत्पादन क्षमता को अपवर्जित करते हुए जिसके लिए सहबद्ध पारेषण प्रणाली के प्रभार पूरी तरह पूल नहीं किए जा रहे हैं ।

(ii) उत्तरी और पश्चिमी क्षेत्रों के बीच, पश्चिमी और दक्षिणी क्षेत्रों के बीच और पूर्वी और उत्तर-पूर्वी क्षेत्रों के बीच अंतर-क्षेत्रीय लिंकों के लिए उस मास हेतु संदेय रकम लिंक्ड क्षेत्रों द्वारा 50:50 के अनुपात में वहन की जाएगी और संबंधित क्षेत्र में हिताधिकारियों द्वारा उनके अपने क्षेत्र में अंतर-राज्य उत्पादन केंद्रों में उनकी अपनी-अपनी हकदारियों (एमडब्ल्यू में) राशि के अनुपात में बांटी जाएगी, किंतु ऐसी उत्पादन क्षमता को अपवर्जित करते हुए जिसके लिए सहबद्ध पारेषण प्रणाली के प्रभार पूरी तरह पूल नहीं किए जा रहे हैं :

परंतु यह कि 220 केवी बीरपारा-सलाकाटी पारेषण लाइन को पूर्वी क्षेत्र पारेषण प्रणाली का भाग माना जाएगा और इसके प्रभार केवल पूर्वी क्षेत्र के फायदाग्राहियों द्वारा वहन किए जाएंगे ।

(4) ऐसी सहबद्ध पारेषण प्रणालियों या उनके भाग के लिए जिनके वाणिज्यिक रूप से क्षेत्रीय पारेषण प्रणाली के साथ पूल होने का करार नहीं किया गया है, लागू पारेषण प्रभार संबंधित उत्पादन केंद्र (केंद्रों) के फायदाग्राहियों द्वारा वहन किए जाएंगे और उन्हीं के मध्य बांटे जाएंगे जैसा कि आपस में करार पाया जाए या आयोग द्वारा विनिश्चित किया जाए ।

(5) 400/220 के.वी. अपचायी ट्रांसफार्मरों (आईसीटीएस) और अनुप्रवाह प्रणालियों के लिए पारेषण प्रभार, यदि सभी क्षेत्रीय फायदाग्राहियों द्वारा पहले से पूल किए जाने और बांटे जाने का करार न किया गया हो, अलग से अवधारित किए जाएंगे तथा केवल प्रत्यक्षतः सभी क्षेत्रीय हिताधिकारी द्वारा संदेय होंगे ।

(6) उपरोक्त खंड 2(i) और खंड 3(ii) के प्रयोजन के लिए, भूटान में चुखा, ताला और कुरिच्छू हाइड्रो-विद्युत उत्पादन केंद्रों में पूर्वी क्षेत्र फायदाग्राहियों की हकदारियां, उनके अपने क्षेत्र में आईएसजीएस में हकदारियां समझी जाएंगी ।

(7) किसी ऐसे संयंत्र की क्षमता के तत्स्थानी पारेषण प्रभार, जिसके लिए किसी फायदाग्राही की पहचान नहीं की गई है और संविदा नहीं की गई है, संबंधित उत्पादन कंपनी द्वारा संदत्त किए जाएंगे ।

34. छूट (1) उत्पादन कंपनी और पारेषण अनुज्ञप्तिधारी के बिलों का संदाय उनके प्रस्तुत होने पर प्रत्यय पत्र के माध्यम से करने पर 2% की छूट अनुज्ञात की जाएगी ।

(2) जहां उत्पादन कंपनी या पारेषण अनुज्ञप्ति द्वारा बिल प्रस्तुत किए जाने के एक मास भीतर प्रत्यय पत्र से भिन्न रीति में संदाय किया जाता है, वहां 1% की छूट अनुज्ञात की जाएगी ।

35. विलंब से संदाय पर अधिकार इन विनियमों के अधीन संदेय प्रभारों के लिए यदि किसी बिल के संदाय में किसी फायदाग्राही द्वारा, बिलिंग की तारीख से 60 से अधिक अवधि का विलंब किया जाता है, तो यथास्थिति, उत्पादन कंपनी या पारेषण अनुज्ञप्तिधारी द्वारा 1.25% की दर से विलंब संदाय अधिभार उद्गृहीत किया जाएगा ।

अध्याय 6

प्रकीर्ण उपबंध

36. **सीडीएम फायदों में भागीदारी** अनुमोदित सीडीएम परियोजना से कार्बन प्रत्यय की प्राप्तियां निम्नलिखित रीति में विभाजित होंगी, अर्थात् –

(क) यथास्थिति, उत्पादन केंद्र या पारेषण प्रणाली के वाणिज्यिक प्रचालन की तारीख के पश्चात् प्रथम वर्ष में सीडीएम की कुल प्राप्तियों का शत प्रतिशत परियोजना विकासकर्ता द्वारा रखा जाएगा ;

(ख) दूसरे वर्ष में, हिताधिकारियों का अंश 10% होगा जिसमें 50% तक होने तक प्रति वर्ष उत्तरोत्तर रूप में 10% की वृद्धि होती रहेगी और उसके पश्चात्, यथास्थिति, उत्पादन कंपनी या पारेषण अनुज्ञप्तिधारी और फायदाग्राहियों के बीच समान अनुपात में बांटी जाएगी ।

37. **प्रचालन संनियम अंतिम संनियम होंगे** इन विनियमों में विनिर्दिष्ट प्रचालन के संनियम अंतिम संनियम हैं और वे, यथास्थिति, उत्पादन कंपनी या पारेषण अनुज्ञप्तिधारी और फायदाग्राहियों तथा दीर्घकालिक ग्राहकों को प्रचालन के उन्नत संनियमों पर सहमत होने के लिए बाधित नहीं करेंगे और उन्नत संनियमों पर सहमति हो जाने के मामले में, टैरिफ के अवधारण के लिए ऐसे उन्नत संनियम लागू होंगे ।

38. **संनियमों से विचलन** (1) यथास्थिति, उत्पादन कंपनी या पारेषण अनुज्ञप्तिधारी द्वारा विद्युत के विक्रय के लिए टैरिफ निम्नलिखित शर्तों के अधीन रहते हुए इन विनियमों में विनिर्दिष्ट संनियमों से विचलन में भी अवधारित किया जा सकता है, –

(क) परियोजना के उपयोगी जीवनकाल पर विचलन में संनियमों के आधार पर संतुलित टैरिफ इन विनियमों में विनिर्दिष्ट संनियमों के आधार पर संगणित संतुलित टैरिफ से अधिक नहीं है ; और

(ख) कोई भी विचलन आयोग द्वारा अनुमोदन के पश्चात् ही प्रभावी होगा जिसके लिए, यथास्थिति, उत्पादन कंपनी या पारेषण अनुज्ञप्ति द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया जाएगा ।

स्पष्टीकरण : खंड (1) के उपखंड (क) में निर्दिष्ट संतुलित टैरिफ की संगणना करने के प्रयोजन के लिए, छूट देने वाले कारक को आयोग द्वारा समय-समय पर अधिसूचित किया जाएगा ।

(2) नेवेली लिग्नाइट कारपोरेशन लि. के विद्यमान उत्पादन केंद्रों अर्थात् टीपीएस-I और टीपीएस-II (प्रक्रम I और II) तथा टीपीएस-I (विस्तार) एवं एनटीपीसी लि. के बदरपुर टीपीएस के टैरिफ, जिनके टैरिफ, टैरिफ अवधि 2004-09 के लिए शुद्ध नियत आस्ति प्रस्ताव का अनुसरण करते हुए अवधारित किए गए थे, शुद्ध नियत आस्ति प्रस्ताव को अपनाते हुए ही अवधारित किए जाते रहेंगे ।

39. **आय पर कर** (1) यथास्थिति, उत्पादन कंपनी या पारेषण अनुज्ञप्तिधारी के आय प्रवाहों पर कर, यथास्थिति, हिताधिकारियों या दीर्घकालिक पारेषण ग्राहकों से वसूल नहीं किया जाएगा :

परंतु यह कि 31 मार्च, 2009 तक की अवधि के लिए आस्थगित कर दायित्व, सीमांत फायदा कर को छोड़कर, जब भी वह देय हो जाए, हिताधिकारियों से प्रत्यक्षतः वसूलनीय होगा ।

40. **विदेशी मुद्रा दर में भिन्नता** (1) यथास्थिति, उत्पादन कंपनी या पारेषण अनुज्ञप्तिधारी विदेशी मुद्रा उधार पर ब्याज या उत्पादन केंद्र या पारेषण प्रणाली के लिए भागतः या पूर्णतः अर्जित विदेशी उधार के प्रतिदेय के संबंध में, उत्पादन कंपनी या पारेषण अनुज्ञप्तिधारी के विवेकानुसार विदेशी मुद्रा अपावरण का बचाव कर सकेंगे ।

(2) प्रत्येक उत्पादन कंपनी और पारेषण अनुज्ञप्तिधारी, सुसंगत वर्ष में वर्ष प्रति वर्ष के आधार पर आदर्शी विदेशी ऋण के तत्समानी विदेशी मुद्रा दर भिन्नता के बचाव की लागत उस अवधि में जब यह उत्पन्न हो, खर्च के रूप में वसूल करेंगे और ऐसी विदेशी मुद्रा दर भिन्नता के तत्समानी अतिरिक्त रुपया दायित्व बचाव किए गए विदेशी ऋण के विरुद्ध अनुज्ञात नहीं किया जाएगा ।

(3) उस सीमा तक जहां तक उत्पादन कंपनी या पारेषण अनुज्ञप्तिधारी विदेशी मुद्रा अपावरण का बचाव करने में असमर्थ हैं, सुसंगत वर्ष में ब्याज के संदाय के लिए तथा आदर्शी विदेशी मुद्रा के तत्समानी उधार प्रतिदाय के प्रति अतिरिक्त रुपया दायित्व अनुज्ञेय होगा परंतु यह तब जब यह

उत्पादन कंपनी या पारेषण अनुज्ञप्तिधारी या इसके प्रदायकर्ताओं या संविदाकारों को लक्षणीय न हो ।

(4) प्रत्येक उत्पादन कंपनी और पारेषण अनुज्ञप्तिधारी बचाव की लागत तथा विदेशी मुद्रा दर भिन्नता की वसूली वर्ष प्रति वर्ष आधार पर उस अवधि में जिनमें वे उत्पन्न हो, आय या खर्च के रूप में करेंगी ।

41. **विदेशी मुद्रा दर भिन्नता के बचाव (हेजिंग) की लागत की वसूली** यथास्थिति, उत्पादन कंपनी या पारेषण अनुज्ञप्तिधारी, बचाव और विदेशी मुद्रा दर भिन्नता की लागत की वसूली प्रत्यक्षतः यथास्थिति, फायदाग्राहियों या दीर्घकालिक पारेषण ग्राहकों से, आयोग के समक्ष बिना कोई आवेदन-पत्र प्रस्तुत किए करेगी :

परंतु यह कि विदेशी मुद्रा दर भिन्नता या बचाव की लागत के संबंध में दावा की गई रकम पर यदि फायदाग्राहियों द्वारा कोई आक्षेप किया जाता है तो, यथास्थिति, उत्पादन कंपनी या पारेषण अनुज्ञप्तिधारी, आयोग के समक्ष एक समुचित आवेदन-पत्र इसके विनिश्चय के लिए कर सकेंगे ।

42. **आवेदन-पत्र फीस और प्रकाशन खर्च** आवेदन फाइल करने की फीस और टैरिफ के अनुमोदन के लिए आवेदन में नोटिसों के प्रकाशन पर उपगत खर्च आयोग के विवेक पर, यथास्थिति, उत्पादन कंपनी या पारेषण अनुज्ञप्तिधारी द्वारा प्रत्यक्षतः, यथास्थिति, फायदाग्राहियों या दीर्घकालिक पारेषण ग्राहकों से वसूल किए जाने के लिए अनुज्ञात किए जा सकेंगे ।

43. **दामोदर घाटी निगम के संबंध में विशेष उपबंध** (1) खंड (2) के अधीन रहते हुए, ये विनियम दामोदर घाटी निगम (डीवीसी) के स्वामित्वाधीन परियोजनाओं के टैरिफ के अवधारण के लिए लागू होंगे ।

(2) डीवीसी के स्वामित्वाधीन परियोजनाओं के टैरिफ अवधारण के लिए निम्नलिखित विशेष उपबंध लागू होंगे :

(i) पूंजी लागत : दामोदर घाटी निगम अधिनियम, 1948 की धारा 32 और धारा 33 के अर्थ में "विद्युत" को आबंटित व्यय, उत्पादन और अंतर-राज्यिक पारेषण के

विभाजन की सीमा तक, टैरिफ के अवधारण के प्रयोजन के लिए पूंजी लागत का आधार बनेंगे :

परंतु यह कि डीवीसी के प्रधान कार्यालय, क्षेत्रीय कार्यालयों, प्रशासनिक और तकनीकी केंद्रों पर उपगत पूंजी व्यय, सम्यक् विवेकी जांच के पश्चात् पूंजी लागत का भाग रूप होंगे ।

(ii) ऋण साम्या अनुपात : 1.1.1992 के पूर्व कमीशन किए गए डीवीसी की सभी परियोजनाओं का ऋण साम्या अनुपात 50 : 50 होगा और उसके पश्चात् कमीशन की गई परियोजनाओं का 70 : 30 होगा ।

(iii) अवक्षयण : दामोदर घाटी निगम अधिनियम, 1948 की धारा 40 के अर्थ में भारत के महानियंत्रक और लेखा परीक्षक द्वारा अनुबंधित अवक्षयण दर, डीवीसी की परियोजनाओं के अवक्षयण की संगणना के लिए लागू होगी ।

(iv) दामोदर घाटी निगम अधिनियम, 1948 की धारा 40 के अधीन निधियां : दामोदर घाटी निगम अधिनियम, 1948 की धारा 40 के अर्थ में स्थापित निधि (यां) टैरिफ के माध्यम से वसूल किए जाने वाले व्यय की मद के रूप में समझी जाएंगी परंतु यह तब जब ऐसी निधि डीवीसी के संपरीक्षित लेखाओं में खर्च की मद के रूप में माना गया हो ।

(3) इस विनियम के खंड (2) के उपबंध माननीय उच्चतम न्यायालय में लंबित वर्ष 2008 की सिविल अपील सं. 4289 और अन्य संबंधित अपीलों के विनिश्चय के अधीन होंगे और विनिश्चय से असंगत होने तक उपांतरित समझे जाएंगे ।

44. **शिथिल करने की शक्ति** आयोग, स्वप्रेरणा से या किसी हितबद्ध व्यक्ति द्वारा इसके समक्ष प्रस्तुत आवेदन पत्र पर इन विनियमों के किसी उपबंध को, लिखित में कारण दर्शाते हुए, शिथिल कर सकेगा ।

आलोक कुमार, सचिव
[विज्ञापन III/4/असा./150/08]

परिशिष्ट - 1

भाग - 1

टैरिफ फाइल करने वाले प्ररूप (थर्मल)

भाग-1

थर्मल केन्द्रों के लिए टैरिफ फाइल करने के वाले प्ररूप और अन्य जानकारी/दस्तावेजों की जांच-सूची

प्ररूप सं.	टैरिफ फाइल करने वाले प्ररूप (ताप) का शीर्षक	टिक
प्ररूप-1	सारांश शीट	
प्ररूप-2	संयत्र के लक्षण	
प्ररूप-3	टैरिफ की संगणना के लिए विचार किए गए मानकीय पैरामीटर	
प्ररूप-4	विदेशी ऋण के ब्यौरे	
प्ररूप-4क	विदेशी ईक्विटी के ब्यौरे	
प्ररूप-5	विद्यमान परियोजनाओं के लिए स्वीकृत पूंजी लागत का सारांश	
प्ररूप-5क	प्राक्कलित पूंजी लागत का सारांश और नई परियोजना को स्थापित करने की अनुसूची	
प्ररूप-5ख	कोयला/लिग्नाइट आधारित परियोजनाओं के लिए पूंजी लागत के ब्यौरे	
प्ररूप-5ग	गैस/द्रव ईंधन आधारित परियोजनाओं के लिए पूंजी लागत के ब्यौरे	
प्ररूप-5घ	संनिर्माण/प्रदाय/सेवा पैकेजों के ब्यौरे	
प्ररूप-6	सीओडी तक वित्तीय पैकेज	
प्ररूप-7	परियोजना विनिर्दिष्ट ऋण के ब्यौरे	
प्ररूप-8	विभिन्न परियोजनाओं को कारपोरेट ऋण के आबंटन के ब्यौरे	
प्ररूप-9	सीओडी के पश्चात् अतिरिक्त पूंजीकरण का विवरण	
प्ररूप-9क	पूंजीं लागत का विवरण	
प्ररूप-9ख	चालू पूंजी संकर्म का विवरण	
प्ररूप-10	अतिरिक्त पूंजीकरण का वित्तपोषण	
प्ररूप-11	अवक्षयण दर की संगणना	
प्ररूप-12	अवक्षयण का विवरण	
प्ररूप-13	वास्तविक ऋण पर ब्याज की भारत औसत दर की संगणना	
प्ररूप-13क	मानकीय ऋण पर ब्याज की संगणना	
प्ररूप-13ख	कामकाज पूंजी पर ब्याज की संगणना	
प्ररूप-14	आईडीसी और वित्तीय प्रभारों की संगणना के लिए ड्रा डाउन अनुसूची	
प्ररूप-14क	वास्तविक नकद व्यय	
प्ररूप-15	ऊर्जा प्रभारों को संगणना के लिए ईंधन के संबंध में प्रस्तुत किए जाने वाले ब्यौरे/जानकारी	
प्ररुप-16	ऊर्जा प्रभार दर की संगणना के लिए चूना पत्थर के संबंध में प्रस्तुत किए जाने वाले ब्यौरे/जानकारी	

अन्य जानकारी/दस्तावेज		
क्र.सं.	जानकारी/दस्तावेज	टिक
1.	समामेलन का प्रमाणपत्र, कारबार आरंभ करने का प्रमाणपत्र, संगम-ज्ञापन और संगम-अनुच्छेद (के.वि.वि.आ. को पहली बार टैरिफ के लिए आवेदन करने वाली कंपनी द्वारा स्थापित नए केन्द्रों के लिए)	
2.	नए केन्द्रों और सुसंगत वर्षों के लिए केन्द्र के सीओडी पर सभी अनुसूचियों और परिशिष्टियों सहित केन्द्र वार और कारपोरेट संपरीक्षित तुलनपत्र और लाभ और हानि लेखे	
3.	सुसंगत ऋण करारों की प्रतियों	
4.	पूंजी लागत और वित्तीय पैकेज के लिए सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन की प्रतियां	
5.	विदेशी ईक्विटी के लिए ईक्विटी भागीदारी करार और आवश्यक अनुमोदन की प्रतियां	
6.	फायदाग्रहियों, यदि कोई हों, के साथ बी.पी.एस.ए./पीपीए की प्रतियां	
7.	समय और अधिक लागत, यदि लागू हो को देने वाले कारणों का ब्यौरे-वार टिप्पण	
8.	कोई अन्य जानकारी (कृपया विनिर्दिष्ट करें)	

टिप्पण : याचिका की इलैक्ट्रानिक प्रति (फारमेट शब्दों में) तथा इन फारमेटों (एक्सेल फारमेट) के अनुसार संगणना के ब्यौरे तथा कोई अन्य जानकारी सी.डी/फ्लापी डिस्क के रूप में भी प्रस्तुत की जाएगी ।

भाग - 1
प्ररूप- 1

सारांश शीट

कंपनी का नाम
ऊर्जा केन्द्र का नाम
क्षेत्र **राज्य** **जिला**

(लाख रुपए में)

क्रम सं.	विशिष्टियां		विद्यमान 2008-09	2009-10	2010-11	2011-12	2012-13	2013-14
1	2		3	4	5	6	7	8
1.1	अवक्षयण							
1.2	ऋण पर ब्याज							
1.3	रिर्टन आन ईक्विटी[1]							
1.4	कामकाज पूंजी पर ब्याज							
1.5	प्रचालन और रख-रखाव व्यय							
1.6	गौण ईंधन तेल की लागत							
1.7	प्रतिकर भत्ता (यदि लागू हो)							
1.8	विशेष भत्ता (यदि लागू हो)							
	कुल							
2	ऊर्जा प्रभार दर एक्स-बस (रूपए/किलोवाट प्रति घंटा में)[2क,2ख,2ग,2घ]							

1 सगंणना के ब्यौरे विनियम के अनुसार विचार किए गए इक्विटी के साथ प्रस्तुत किए जाने हैं ।
2क. यदि साथ-साथ बहु ईंधन का प्रयोग किया जाता है तो व्यष्टिक रूप से व्यष्टिक ईंधन के संबंध में 2 दें
2ख. गैस/द्रव ईंधन चालित संयंत्रों की दशा में, ओपन साइकल प्रचालन और संयुक्त साइकल प्रचालन के लिए विद्युत प्रभार की दर पृथक् रूप से संगणित की जाएगी
2ग. भेजी जाने वाली अनुसूचित एक्स-बस के आधार पर कुल ऊर्जा प्रभार तय किया जाएगा ।
2घ. ऊर्जा प्रभार दर विनियम 21(6)(क) के अनुसार मास के लिए ईंधन लागत(लागतों) और जीसीवी(एस) के आधार पर होंगे ।

यान्त्रिकाकर्ता

भाग - 1

प्ररूप-2

संयंत्र विशेषताएं

कंपनी का नाम

ऊर्जा केन्द्र का नाम

यूनिट/ब्लाकों के पैरामीटर	यूनिट-1	यूनिट-2	यूनिट-3				
दबाव (केजी/वर्गसेमी)							
तापमान डिग्रीसी							
-सुपरहीटर आउटलेट पर							
-रिहीटर आउटलेट पर							
गारंटीकृत डिजाइन हीट रेट (केसीएएल/के डब्ल्यूएच)							
वे शर्त जिसपर गारंटी दी गई हैं							
एमसीआर %							
मेकअप %							
डिजाइन ईंधन							
डिजाइन कूलित्र जल तापमान							
बैक प्रेसर							
टिप्पण: यदि गारंटीकृत यूनिट हीट रेट उपलब्ध नहीं है तो गारंटीकृत शर्तो के साथ गारंटीकृत टर्बाइन साइकल हीटरेट तथा गारंटीकृत वायलर दक्षता पृथक् रूप से प्रस्तुत करें ।							
कूलिंग टावर का प्रकार							
संस्थापित क्षमता (आईसी)							
वाणिज्यिक प्रचालन की तारीख (सीओडी)							
कूलिंग प्रणाली का प्रकार[1]							
वायलर फीड पंप का प्रकार[2]							
ईंधन ब्यौरे[3]							
-प्रारंभिक ईंधन							
-गौण ईंधन							
-वैकल्पिक ईंधन							
विशेष लक्षण/स्थल विनिर्दिष्ट लक्षण[4]							
विशेष तकनीकी लक्षण[5]							
लक्षण संबंधित पर्यावरणीय विनियम[6]							
कोई अन्य विशेष विशेषताएं							

1 बंद सर्किट कूलिंग, समुद्र कूलिंग, प्राकृतिक ड्राफ्ट कूलिंग, इंड्यूस्ड ड्राफ्ट कूलिंग आदि के माध्यम से वन्स सी कूलिंग आदि ।

2 मोटर चालित, स्टीम टर्बाइन चालित आदि ।

3 कोयला या प्राकृतिक गैस या नाफ्था या लिग्नाइट आदि ।

4 कोई स्थल विनिर्दिष्ट विशेषताएं जैसे मैरी-गोराउन्ड, वेसिनेटि टूसी, इंटेक/मेकअप जल प्रणाली आदि, मार्जक आदि । ऐसी सभी विशेषताओं को विनिर्दिष्ट करें ।

5 गैस टर्बाइन, आदि में उन्नत श्रेणी की एफए तकनीकी जैसी कोई विशेष तकनीकी विशेषताएं ।

6 एफजीडी, ईएसपी आदि जैसी विशेषताओं से संबंधित पर्यावरणीय विनिमय ।

टिप्पण 1 : विनियम में विनिर्दिष्ट शर्तो से अंतर की दशा में, विनिर्माता के संशोधन कर्व भी प्रस्तुत किए जाएंगे ।

टिप्पण 2 : नए केन्द्रों की दशा में, उपरोक्त जानकारी के साथ-साथ हीट बेलेंस डायग्राम प्रस्तुत किए जाने हैं ।

याचिकाकर्ता

भाग - 1
प्ररूप - 3

टैरिफ की संगणना करने के लिए विचार किए गए मानकीय पैरामीटर

कंपनी का नाम
